विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2018/ 1791 दिनांक :- 9.8.18

प्रति,

प्राचार्य,
सोहम इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट,
ग्राम अमरपुरा, भोपाल रोड,देवास।

विषय :- महाविद्यालय बंद किये जाने एवं प्रवेशित छात्रों को अन्य महाविद्यालय में स्थानान्तरित किये जाने के संबंध में।

संदर्भ :- महाविद्यालय का पत्र क्रमांक/निरंक,दिनांक 28.05.2018

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि,आपके द्वारा सत्र 2018-19 से महाविद्यालय बंद किया जा कर एवं प्रवेशित छात्रों को अन्य महाविद्यालय में स्थानान्तरित किये जाने के संबंध में निवेदन किया है। महाविद्यालय में बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.कॉम.(कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन/प्लेन/टैक्स प्रोसिजर एण्ड प्रोक्टिस) बी.एससी.(प्लेन/कम्प्यूटर विज्ञान) संचालित किये जाते है।

आपके द्वारा उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित शेष 22 छात्र-छात्राओं एवं कुछ ए.टी.के.टी. प्राप्त विद्यार्थियों का अन्यत्र महाविद्यालय में स्थानान्तरित किये जाने का निवेदन किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में सत्र 2017-18 का निरंतरता शुल्क रू. 2,12,850/-(अक्षरी रूपये दो लॉख बारह हजार आठ सौ पचास मात्र) तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य संपरीक्षक(सी.ए.) द्वारा पूर्व वर्षो का रिकवरी शुल्क दिनांक 12.06.2018 की सूची अनुसार रू. 4,12,188/-(अक्षरी रूपये चार लॉख बारह हजार एक सौ अट्ठासी मात्र) है। जिसमें से महाविद्यालय द्वारा रू. 1,00,000/-(अक्षरी रूपये एक लॉख मात्र) जमा करने के पश्चात रू. 3,12,188/-(अक्षरी रूपये तीन लॉख बारह हजार एक सौ अट्ठासी मात्र) इस प्रकार कुल 5,25,038/- (अक्षरी रूपये पॉच लॉख पच्चीस हजार अडतीस मात्र) विश्वविद्यालय कोष में जमा करें, एवं जिस महाविद्यालय में छात्रो को स्थानान्तरित करना है उस महाविद्यालय का अनापत्ती प्रस्तुत करें ताकी प्रकरण पर आगामी कार्यवाही की जा सके।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2018/ 1792 दिनांक :- 9.8.18

प्रतिलिपि :-

01. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. प्रभारी, ऑनलाईन सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
03. प्रभारी,कम्प्यूटर सेंटर/वेबसाईट,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर प्रेषित कर सूचित है कि, उपरोक्त पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
04 स्पार्क एण्ड एसोसिएट्स,चार्टड अकाउन्टेंट्स,स्पार्क हाऊस,51,स्कैम नं.53,विजय नगर, मेदांता हास्पीटल के पास,इन्दौर, (म.प्र.)।
05. कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन। की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

उपकुलसचिव(अकादमिक)